Padma Vibhushan



SHRI ANILKUMAR MANIBHAI NAIK

Shri Anilkumar Manibhai Naik is Group Chairman of Larsen & Toubro – the USD 18 billion conglomerate which he has served for over five decades and led for the last two. At the helm of L&T, Shri Naik sharpened the Company's focus on sectors of national significance - defence, nuclear, aerospace, infrastructure and oil & gas. He has been instrumental in imparting a strong, nationalistic orientation to the company's products, offerings and capabilities, giving rise to its description as 'the company that is building 21st Century India'.

2. Born on June 9, 1942 in a family of teachers in a little village in south Gujarat, Shri Naik's father was a staunch Gandhian who believed that exposure to rural communities would have a positive influence on a child's character and ensured that his ward completed most of his education away from metropolitan centres. Joining L&T in 1965, he rose rapidly from a Junior Engineer on the shop floor to the apex positions of CEO & Managing Director in 1999, and Chairman in 2003. In 2017, he stepped aside from executive responsibilities and took over as Group Chairman.

3. At the helm, Shri Naik initiated the transformation process that remoulded L&T into a more entrepreneurial organisation with increased emphasis on wealth creation for all stakeholders. Given L&T's wide shareholder base, this has meant spreading prosperity across a wide spectrum of society. His tenure is characterized by his robust defence of L&T's professional character, and the issue of stock options that allowed a large section of employees to share in the Company's growth. His biography titled 'The Nationalist – How A.M. Naik Transformed L&T into a Global Powerhouse' featured among non-fiction best sellers.

4. In his personal capacity, Shri Naik is a philanthropist who is committed to securing positive outcomes in his initiatives in healthcare, education and skill-building. In January 2019, the Hon'ble Prime Minister of India laid the foundation stone for a cancer hospital in Navsari, Gujarat. The Government of India appointed him the Chairman of the National Skill Development Corporation in 2018 in recognition of his industry connect and record in upgrading technical skills. He has served as Chairman of the Board of Governors of IIM, Ahmedabad. He was an active member of the Confederation of Indian Industry (CII) as well as the Indo-Japan Business Leadership Forum and served as the Co-Chairman Indo-Russia CEO Forum.

5. Shri Naik was honored with the Padma Bhushan in 2009. He was conferred the Danish Knighthood by Her Majesty Queen Margrethe in 2008 and a further honor, viz., The Order of the Dannebrog - Knight First Class in 2015. In 2009, he was presented the Gujarat Garima (Pride of Gujarat award) by the then Chief Minister of Gujarat Shri Narendra Modi. Other distinction includes Lifetime Achievement Award from the leading business magazine – Business Today – 2018. News magazine Outlook ranked him among the 50 Best CEOs ever in 2017. He was ranked 32nd Best Performing CEO and 4th in the industrial sector in a global survey by Harvard Business Review in 2013. He was named among The Economic Times' Most Powerful CEOs and was rated one of the top two of India's Best CEOs by Business Today, INSEAD and Harvard Business Review in 2012. He has secured honorary doctorates from multiple universities around the country.



श्री अनिलकुमार मणिभाई नायक

श्री अनिलकुमार मणिभाई नायक लार्सन एंड टुब्रो – यूएसडी 18 बिलियन समूह के ग्रुप चेयरमैन हैं जिसमें आप पांच दशकों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और विगत दो दशकों से उसका नेतृत्व भी कर रहे हैं। एल एंड टी के संचालक के रूप में आपने रक्षा, न्यूक्लियर, एयरोस्पेस, अवसंरचना और तेल एवं गैस के राष्ट्रीय महत्व क्षेत्रों पर कंपनी का ध्यान केन्द्रित किया। आपने कंपनी के उत्पादों और क्षमताओं को मजबूत राष्ट्रीयता का पुट देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और इसे 21वीं सदी के भारत का निर्माण कर रही कंपनी के तौर पर प्रस्तुत किया है।

2. आपका जन्म 9 जून, 1942 में दक्षिणी गुजरात के एक छोटे से गांव में एक शिक्षक परिवार में हुआ था। आपके पिताजी कट्टर गांधीवादी थे जो यह मानते थे कि ग्रामीण जनसमुदायों का बच्चों के चरित्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और यह भी सुनिश्चित करते थे कि बच्चे महानगरीय प्रभावों से दूर अपनी अधिकांश शिक्षा पूरी करें। वर्ष 1965 एल एंड टी ज्वाइन करने के पश्चात, आपने बहुत तेजी से प्रगति की और जूनियर इंजीनियर के पद से वर्ष 1999 में सीईओ एवं मैनेजिंग डाईरेक्टर तथा वर्ष 2003 में चेयरमैन के शीर्ष पद पर पहुंच गए। वर्ष 2017 में आपने इसके कार्यपालक दायित्वों को छोड़ दिया और ग्रुप चेयरमैन के रूप में आसीन हुए।

3. अपने कुशल संचालन में, श्री नायक ने ऐसी परिवर्तन की प्रक्रिया की शुरूआत की जिसने एल एंड टी को एक ऐसे उद्यमी संगठन का आकार दिया जिसमें सभी स्टेकहोल्डरों के लिए संपदा संवर्धन पर अधिकाधिक जोर दिया गया। एल एंड टी को व्यापक शेयरहोल्डर आधार देने का उनका उद्देश्य, समाज के व्यापक परिवेश में समृद्धि लाना था। आपके कार्यकाल की विशेषता यह रही कि एल एंड टी की पेशेवर विशिष्टता और स्टॉक ऑप्शन की आपने मजबूती से रक्षा की जिससे कंपनी के विकास में कर्मचारियों के एक व्यापक वर्ग की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त हुआ। 'दि नेशलिस्ट-हाऊ के. एम. नाइक ट्रांसफारर्म्ड एल. एंड टी. इन्टू ए ग्लोबल पॉवर हाउस' नामक आपकी जीवनी सर्वाधिक बिकने वाली नॉन-फिक्शन में से एक है।

4. एक व्यक्तिगत शख्सियत के तौर पर, श्री नाइक एक ऐसे परोपकारी महानुभाव हैं जो स्वास्थ्य, शिक्षा तथा कौशल संवर्धन के क्षेत्र में किए जाने वाले अपने कार्यों से सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनवरी, 2019 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा नवसारी, गुजरात में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी गई। उद्योग जगत से आपके संबंधों तथा तकनीकी कौशल को विकसित करने में आपकी भूमिका को स्वीकारते हुए वर्ष 2018 में भारत सरकार द्वारा आपको 'राष्ट्रीय कौशल विकास निगम' के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। आपने आईआईएम, अहमदाबाद के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। आप भारतीय उद्योग संघ तथा इंडो-जापान बिजनेस लीडरशिप फोरम के सक्रिय सदस्य रहे हैं तथा आपने इंडो-रशिया सीईओ फोरम के सह-अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

5. श्री नायक को वर्ष 2009 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। आपको महामहिम क्वीन मारग्रेट द्वारा वर्ष 2008 में डेनिश नाइटहुड की उपाधि तथा अन्य बड़े सम्मान के रूप में वर्ष 2015 में दि ऑर्डर ऑफ द डेनब्रॉग-नाइट फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया गया। वर्ष 2009 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपको गुजरात गरिमा (गुजरात गौरव सम्मान) से सम्मानित किया गया। आपकी अन्य उपलब्धियों में अग्रणी बिजनेस मैग्जीन-बिजनेस टुडे द्वारा वर्ष 2018 में प्रदान किया गया लाईफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी शामिल है। न्यूज मैग्जीन आउटलुक द्वारा वर्ष 2017 में आपको 50 बेस्ट सीईओ एवर की श्रेणी में रखा गया। हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू द्वारा वर्ष 2013 में किए गए ग्लोबल सर्वे में आपको 32वें बेस्ट परफोरमिंग सीईओ तथा औद्योगिक जगत में चौथे बेस्ट परफोरमिंग सीईओ की रैंकिंग प्रदान की गई। आप इकनोमिक टाइम्स की मोस्ट पावरफुल सीईओ की सूची में शामिल थे तथा आपको बिजनेस टुडे, आईएनएसईएडी एवं हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू द्वारा वर्ष 2012 में भारत के शीर्षस्थ 2 बेस्ट सीईओ में रखा गया। आपको देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है।